कठिनाईयां सामने आती हैं, उन्हें राज्य सरकारों के ध्यान में लाया जाता है। इसके अलावा इस विभाग ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण और विकास संबंधी सेवाओं के संकेन्द्रण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों ने विभिन्न सेवाओं का संकेन्द्रण आंगनवाड़ी केन्द्रों में किए जाने के लिए राज्य सरकारों में स्थित अपने प्रतिरूपी विभागों को दिशानिर्देश जारी किए हैं।

### उत्तर रदेश में 'आपरेशन ब्लैकबोर्ड' की प्रगति

2886. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में 'आपरेशन ब्लैक बोर्ड स्कीम' को कार्यान्वित नहीं किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) इस प्रयोजन हेतु उत्तर प्रदेश के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई थी; और

(घ) पिछले वर्ष के लक्ष्य को कितना पूरा किया गया है?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा):** (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) और (घ) अभी तक उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आने वाले 65388 स्कूलों में आपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना के तीन चरणों को संस्वीकृति दी गई है। इस योजना के कार्यान्वयन की प्रगति निम्नवत् है:—

**(i) उपस्कर:**

| मुक्त की गई राशि | प्रयुक्त की गई राशि |
|---|---|
| 49,56,22,000 रुपए | 43,06,93,000 रुपए (86.90%) |

**(ii) शिक्षक: नियुक्त किए गए शिक्षकों की संख्या**

| | |
|---|---|
| 7224 | 7224 (100%) |

**(iii) निर्माण:**

| उन कक्षा-कक्षों की सं॰ जिनके निर्माण की जरूरत है। | निर्मित कक्षा-कक्षों की सं॰ |
|---|---|
| 22300 | 20140 (90.31%) |

### ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए आरक्षण

2887. **श्री राम सिंह राठवा:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए इंजीनियरी और मेडिकल कालेजों में कुछ सीटें आरक्षित कर देने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा):** (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

### जयपुर के समीप वेधशाला की खोज

2888. **डा॰ बापू कालदाते:**
**कुमारी सरोज खापर्डे:**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि जयपुर के समीप 15वीं शताब्दी की वेधशाला के अवशेष मिले हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार समूचे क्षेत्र का सर्वेक्षण कराने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उप मंत्री) (कुमारी शैलजा):**

(क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

### राष्ट्रीय पुस्तक नीति

2889. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने राष्ट्रीय पुस्तक नीति बनाने के लिए कोई समिति गठित की थी;

(ख) यदि हां, तो उक्त समिति का गठन कब किया गया था; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार क्या कदम